# 2023

## HINDI — HONOURS

### Paper : CC-13

### (Hindi ki Sahityik Patrakarita)

### Full Marks : 65

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

## (हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'बनारस अखबार' तथा 'समाचार सुधावर्षण' का प्रथम प्रकाशन वर्ष लिखिए।

(ख) 'हिन्दी प्रदीप' तथा 'साहित्य सुधानिधि' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(ग) 'विशाल भारत' के दो संपादकों के नाम लिखिए।

(घ) 'हिन्दी केसरी' के संपादक कौन थे? यह कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(ङ) धर्मवीर भारती द्वारा संपादित किन्हीं दो पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(च) 'समालोचक' पत्रिका के संस्थापक संपादक कौन थे? यह कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(छ) 'माधुरी' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी? इसका प्रथम प्रकाशन कब हुआ था?

(ज) कलकत्ता से प्रकाशित होने वाली दो साहित्यिक पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

(झ) 'नई दुनिया' तथा 'पहल' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती हैं?

(ञ) 'बंगाल गजट' का प्रकाशन कब और किसके द्वारा किया गया?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) हिन्दी नवजागरण में भारतेंदुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता का महत्त्व बताते हुए उसकी प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

(ख) साहित्यिक पत्रकारिता की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

(ग) द्विवेदीयुगीन साहित्यिक पत्रिकाओं के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(घ) साहित्यिक पत्रकारिता में अनुवाद की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ङ) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रिकाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. किन्हीं ***तीन*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) हिन्दी प्रदीप

(ख) स्वदेश

(ग) सरस्वती

(घ) भारत मित्र

(ङ) कर्मवीर

# 2023

## HINDI — HONOURS

### Paper : CC-14

### (Prayojanmulak Hindi)

### Full Marks : 65

*The figures in the margin indicate full marks.*
*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

### (प्रयोजनमूलक हिन्दी)

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) सामान्य हिन्दी की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) वैज्ञानिक हिन्दी के दो प्रमुख लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

(ग) सरकारी पत्र के लिए आवश्यक किन्हीं दो अंगों के नाम बताइए।

(घ) अनुस्मारक की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ङ) हिन्दी वर्णमाला में कितने व्यंजन हैं? किसी एक संयुक्त व्यंजन का नाम लिखिए।

(च) टिप्पण के किन्हीं दो प्रकारों के नाम लिखिए।

(छ) संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई थी? संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?

(ज) संपर्क भाषा और मानक भाषा में दो प्रमुख अंतर का उल्लेख कीजिए।

(झ) भारत की किन्हीं दो भाषाओं के नाम बताइए, जिनकी लिपि देवनागरी है।

(ञ) बिहारी हिन्दी की दो बोलियों के नाम लिखिए।

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 10×3

(क) प्रयोजनमूलक हिन्दी को परिभाषित करते हुए उसके प्रमुख प्रकारों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

(ख) हिन्दी भाषा के पारिभाषिक शब्द निर्माण पर एक निबंध लिखिए।

(ग) वैज्ञानिक और व्यावसायिक हिन्दी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उनके लक्षणों पर प्रकाश डालिए।

(घ) हिन्दी की विभिन्न शैलियों–हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी के स्वरूप की चर्चा कीजिए।

(ङ) संविधान में हिन्दी के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

3. किन्हीं **तीन** विषयों पर टिप्पणी लिखिए : 5×3

(क) मसौदा लेखन

(ख) आकाशवाणी के अंतर्गत 'समाचार की भाषा'

(ग) राजभाषा

(घ) अधिसूचना

(ङ) दृश्य-श्रव्य माध्यम की हिन्दी।